**चित्तौड का दूसरा शाका – 1534 ई.**
**कर्णवती के नेतृत्व में**
**बहादुरशाह के आक्रमण के समय**

- **बीका पहाडी** – चित्तौडगढ के पास एक पहाडी है यहां 1534 में बहादुरशाह और विक्रमादित्य की सेनाओं के मध्य युद्ध हुआ था।
- विक्रमादित्य मेवाड का पुन: शासक बना – **1534 में हुमायुं की सहायता से**
- **विक्रमादित्य की हत्या** – 1536 ई. में पृथ्वीराज के **अनौरस पुत्र** (दासी पुत्र) बनवीर ने **विक्रमादित्य** की हत्या कर दी और मेवाड का शासक बन गया।
- **तुलजा भवानी** के मंदिर का निर्माण चित्तौड के किले में करवाया – **बनवीर ने**
- **बनवीर** ने विक्रमादित्य के भाई **उदयसिंह** को भी मारना चाहा लेकिन **पन्नाधाय** ने अपने पुत्र **चन्दन** की बलि देकर **उदयसिंह** को बचा लिया।
- उदयसिंह को लालन–पालन के लिये भेजा गया – **कुंभलगढ (आशादेवपुरा के संरक्षण में)**
  उदयसिंह को शासक घोषित किया गया – **1537 में**
- बनवीर को परास्त करके **उदयसिंह** मेवाड का शासक बना – **1540 ई.**
- उदयसिंह को शासक बनाने में प्रमुख भूमिका – **मालदेव (मारवाड का शासक)**

- उदयसिंह ने **उदयपुर** बसाया – **1559 ई.**
- **पन्नाधाय** के **त्याग** को राजस्थान का **सबसे बडा त्याग** कहा जाता है।
- त्याग एवं बलिदान का प्रतीक माना जाता है – **पन्ना धाय को**
- राजस्थान में स्वामिभक्ति का प्रतीक माना जाता है – **दुर्गादास राठौड को**
- राजस्थान में सबसे बडा दान – **भामाशाह**

## हरमाडा का युद्ध

- 1557 में
- यह युद्ध उदयसिंह और मेवात के हाजीखां के मध्य हुआ था।
- इस युद्ध में हाजी खां की सहायता मालदेव ने की थी।
- इस युद्ध में हाजी खां विजयी हुआ।

### मेवाड पर अकबर का आक्रमण

- आक्रमण का समय – **1567-68 (6 माह)**
- इस समय शासक था – **उदयसिंह**
- 1567-68 ई.-के मुगल आक्रमण के समय उदयसिंह ने युद्ध का नेतृत्व **जयमल और पत्ता** को सोंप दिया और स्वयं **गोगुन्दा की पहाडियों** में चला गया।
- अकबर के जीवन का एकमात्र आक्रमण जिसमें अकबर ने कत्ले आम का आदेश दिया-**चित्तौड आक्रमण**
- **जयमल और पत्ता** इस आक्रमण में वीरगति को प्राप्त हुये
- 1568 ई.-**जयमल और पत्ता** की पत्नियों के नेतृत्व में चित्तौड का **तीसरा शाका** संपन्न हुआ।

### चित्तौड का तीसरा शाका

- **समय** -1568
- **आक्रमण** – अकबर का
- **नेतृत्व** – फूलकंवर (पत्ता की पत्नी)
- कल्लाजी राठौड – उदयसिंह के सेनापति थे।
- ये 1567-68 के अकबर के आक्रमण में अकबर से लडते हुये वीरगति को प्राप्त हुये।
- बाद में कल्लाजी लोकदेवता के नाम से प्रसिद्ध हुये।
- अकबर ने जयमल और पत्ता की वीरता से प्रसन्न होकर दोंनों की **गजारूण मूर्तियां आगरा** के किले के द्वार पर बनवायीं।
- औरंगजेब ने इन मूर्तियों को तुडवा दिया था।
- राजस्थान में एकमात्र **बीकानेर के किले** के द्वार पर भी जयमल और पत्ता की गजारूढ मूर्तियां बनी हुयी हैं।
- बीकानेर में ये मूर्तियां **रायसिंह** ने बनवायीं थीं।
- जयमल पत्ता और कल्लाजी की छतरियां बनी हुई हैं – **चित्तौड के किले में**
- **मोहर मगरी** – यह स्थान चित्तौड जिले में है। यहां अकबर ने मेवाड आक्रमण के समय सोने की मोहर देकर मिट्टी का एक ऊँचा टीला बनवाया था जिसे मोहर मगरी कहते हैं।
- **पिण्डौली का युद्ध :-** यह युद्ध 1568 में उदयसिंह और अकबर की सेना के मध्य हुआ था।

## नागौर दरबार :-

- 1570 ई. में अकबर ने **नागौर दरबार** का आयोजन किया।
- अकबर ने राजपूत शक्तियों को बिना युद्ध किये अधीन करने के उद्देश्य से नागौर दरबार का आयोजन किया।
- नागौर दरबार में सर्वाधिक स्वामिभक्ति का परिचय दिया-**बीकानेर के शासक कल्याणमल ने**
- नागौर के दरबार का विरोध करने वाले शासक – **उदयसिंह, चन्द्रसेन**
- **शुक्र तालाब** का निर्माण अकबर ने नागौर दरबार के समय करवाया।

### उदयसिंह की मृत्यु :-

- **1572 ई.**-गोगुन्दा की पहाडियों में उदयसिंह की मृत्यु हुई
- **1572 ई.** में महाराण प्रताप का गोगुन्दा की पहाडियों में राज्याभिषेक हुआ।
- उदयसिंह की छतरी बनी हुई है – **गोगुंदा में**
  उदयसिंह का राज्याभिषेक हुआ था – **कुंभलगढ में**
  **ईश्वरदान चौहान** -अकबर के चित्तौड़ आक्रमण के समय अकबर के हाथी पर चढकर अकबर पर खंजर से वार किया था जिसमें अकबर बाल-बाल बच गया।

## महाराणा प्रताप

| | | |
|---|---|---|
| प्रताप का जन्म | – | **1540 में कुंभलगढ में** |
| प्रताप की माता का नाम | – | **जैवन्ता बाई** |
| प्रताप के पिता का नाम | – | **उदयसिह** |
| प्रताप का शासन काल | – | **1572 से 1597 तक** |
| महाराणा प्रताप के उपनाम | – | **कीका, मेवाडसिंह** |
| प्रताप का राज्याभिषेक | – | **1572 में गोगुन्दा की पहाडियों में** |

- अकबर ने महाराणा प्रताप से सुलह करने की लिये चार प्रतिनिथियों को प्रताप के पास भेजा था-
  1. **जलाल खां - (नवम्बर 1572)**
  2. **मानसिंह - (जून 1573)**
  3. **भगवन्त दास - (अक्टूबर 1573)**
  4. **टोडरमल - (दिसम्बर 1573)**
- टोडरमल अकबर का **राजस्व विभाग** देखता था।
- मानसिंह की प्रताप से मुलाकात **पिछौला झील के किनारे** हुई।
- मानसिंह के जाने के बाद पिछौला झील के किनारे को गंगाजल से धुलवाया गया।
- भगवन्तदास **मानसिंह का पिता** था।
- अकबर के चारों प्रतिनिधि मण्डल महाराणा प्रताप को झुकाने में सफल नहीं हुये।
- फलस्वरूप राजस्थान इतिहास का सबसे चर्चित युद्ध **हल्दी घाटी का युद्ध (जून 1576)** हुआ।

## हल्दीघाटी का युद्ध – 1576

- हल्दीघाटी वर्तमान में **राजसमंद** जिले में है।
- प्रताप की **सेना** का नेतृत्व **हकीम खां सूरी** ने किया।
- मुगल सेना का प्रमुख सेनापति **राजा मानसिंह** था।
- मुगल सेना के अन्य सेनापति – **आसफ खां, मिहत्तर खां**
- हल्दीघाटी युद्ध का रणनीतिकार **मानसिंह** था।
- युद्ध में **अकबर के आने की झूंठी सूचना** देने वाला व्यक्ति – **मिहत्तर खां**
- हल्दीघाटी युद्ध में **महाराणा प्रताप के राजचिन्ह** को लेकर लडने वाला सरदार – **राव झाला बीजा**
- हल्दीघाटी के युद्ध में अकबर का **आश्रित** इतिहासकार **अलबदायूंनी** उपस्थित था।

### हल्दी घाटी युद्ध को –

- कर्नल जेम्स टॉड ने **''राजस्थान की थर्मोपल्ली ''**
- अल बदायूंनी ने **''गोगुन्दा का युद्ध''** तथा
- अबुल-फजल ने **''खमनौर का युद्ध''** कहा।
- हल्दीघाटी का युद्ध कहा है – **कर्नल जेम्स टॉड ने**
- हल्दीघाटी युद्ध मे मुगलो का प्रमुख उद्देश्य **प्रताप को पकडना** था।
- हल्दीघाटी युद्ध को मुगलों की **विजय** के बावजूद **पराजय** माना जाता है क्योंकि इस युद्ध में मुगल **प्रताप को प्राप्त नहीं कर सके**।
- हल्दीघाटी युद्ध के बाद **मानसिंह** को **अकबर** ने **दक्षिण अभियान के लिये** भेज दिया।
- महाराणा प्रताप की सैनिक सहायता करने वाला भील – **पूंजा भील**

### मेवाड की राजधानियां –

| | | |
|---|---|---|
| नागदा | – | बप्पा रावल |
| आहड | – | अल्लट |
| चित्तौड | – | जैत्रसिंह |
| उदयपुर | – | उदयसिंह (1559) |
| गोगुन्दा | – | उदयसिंह (1568) |
| कुम्भलगढ | – | प्रताप (1576) |
| चावंड | – | प्रताप (1585-97) |

**प्रताप के समय की राजधानी** – **गोगुन्दा, कुंभलगढ, चावंड**

## दिवेर का युद्ध –1582

- दिवेर वर्तमान में **राजसमंद** जिले में है।
- यह युद्ध प्रताप और मुगलों में हुआ इसमें **प्रताप विजयी** हुआ।
- प्रताप की सेना का नेतृत्व **प्रताप के पुत्र अमरसिंह** ने किया।
- मुगल सेना का नेतृत्व किया – **हाकिम खां**
- दिवेर के युद्ध को कहा जाता है –**राजस्थान का मैराथन**
- महाराणा प्रताप ने **1585** में **चावंड** को अपनी राजधानी बनाया।
- महाराणा प्रताप की **मृत्यु 1597** में **चावंड** में हुई।
- महाराणा प्रताप की **छतरी** (आठ खम्भों की छतरी)- **उदयपुर (बाण्डोली) में**
- प्रताप का स्मारक (कांस्य प्रतिमा) – **मोती मगरी, उदयपुर** में **फतेहसागर झील**
- **चेतक की छतरी – हल्दीघाटी में**
  **मायरा की गुफा** (उदयपुर) – यह गुफा युद्ध के समय **प्रताप का शास्त्रागार** थी।
- **भामाशाह** – भामाशाह ने प्रताप को युद्ध में मदद के लिये अपनी समस्त **संपत्ति दान** कर दी थी। इस धन से प्रताप **12 वर्ष तक 25 हजार सैनिक** रख सकता था।
- भामाशाह को कहा जाता है। –**मेवाड का उद्धारक**
- **मेवाड कॉम्पलेक्स योजना** का संबंध है – **पर्यटन से** (प्रताप से जुडे पर्यटन स्थलों को आपस में जोडना)
- **चेतक परियोजना** का संबंध है –**सडक परिवहन से**
- **'भामाशाह सम्मान' का संबंध है – शिक्षा के क्षेत्र में**
- आधुनिक राजस्थान का भामाशाह **जमना लाल बजाज** को कहा जाता है।

### महाराणा प्रताप के बाद मेवाड के शासक :-

| | | |
|---|---|---|
| अमरसिंह प्रथम | – | 1597 – 1620 तक |
| कर्णसिंह | – | 1620 – 1628 |
| जगतसिंह | – | 1628 – 1652 |
| राजसिंह | – | 1652 – 1680 |
| जयसिंह | – | 1680 – 1698 |
| अमरसिंह –द्वितीय | – | 1698 – 1710 |
| संग्रामसिंह-द्वितीय | – | 1710 – 1734 |
| जगतसिंह –द्वितीय | – | 1734 – 1778 |
| भीमसिंह | – | 1778 – 1818 |

### अमरसिंह :-

- अमरसिंह के समय संपूर्ण इतिहास में मेवाड पहली बार झुका।
- मुगलों एवं **अमरसिंह** के मध्य संधि हुई –**1615 में**
- इस संधि में मुगल शासक जहांगीर की ओर से भाग लिया – **खुर्रम (शाहजहां)**

### इस सन्धि की प्रमुख शर्तें –

1. महाराणा **अमरसिंह** स्वयं मुगल दरबार में उपस्थित नहीं हो सका।
2. महाराणा का पुत्र **कर्णसिंह** मुगल दरबार में उपस्थित होगा
3. **चित्तौड** के किले का पुर्ननिर्माण नहीं होगा
4. मुगल सेना में महाराण अमरसिंह के पुत्र कर्णसिंह को **1000 का मनसब** प्राप्त होगा

- कर्णसिंह के समय जहांगीर के पुत्र **खुर्रम** ने अपने पिता के विरूद्ध विरोध किया था।
- कर्णसिंह ने खुर्रम को **पिछौला झील** में निर्माणाधीन **जगमन्दिरों** में शरण दी थी।

- कर्णसिंह ने पिछौला झील में जगमन्दिर तथा मोहन मन्दिर का निर्माण कार्य प्रारंभ करवाया।
- **जगमन्दिर** तथा **मोहन मन्दिर** का निर्माण कार्य पूर्ण करवाया– **जगतसिंह ने**
- उदयपुर में जगदीश मन्दिर का निर्माण करवाया – **जगतसिंह ने**
- यह मन्दिर **विष्णु** को समर्पित है। इस मन्दिर को **जगन्नाथ राय मन्दिर** भी कहा जाता है।
- इस मन्दिर में जगन्नाथ प्रशस्ति की रचना की थी – **कृष्ण भट्ट ने**
- **राजसिंह** ने जोधपुर के शासक **अजीतसिंह** को संरक्षण दिया था।
- राजसिंह ने राजसमन्द जिले में **राजसमंद झील** का निर्माण करवाया।
- इस झील के किनोर **25 शिलाखण्डों** पर **राजप्रशस्ति** उत्कीर्ण है जिसे विश्व का सबसे बडा अभिलेख माना जाता है।
- राजसिंह के समय **कृष्ण की मूर्ति** **वृन्दावन (मथुरा)** से **कांकरौली** में स्थापित करवायी गयी।
- मूर्ति को **श्रीनाथ** जी कहा गया तथा मन्दिर को **द्वारिकाधीश** मन्दिर कहा जाता है।
- राजसिंह ने उपाधि धारण की थी – **विजय कटकातु**
- राजसिंह ने उदयपुर में **अम्बा माता** का मन्दिर बनवाया।
- उदयपुर में **ढेवर** नामक स्थान पर **जयसमंद झील** का निर्माण करवाया – जयसिंह ने
- इस कारण जयसमंद झील को **ढेवर झील** भी कहा जाता है।
- **जयसिंह** ने मुगल शासक **आजम** के साथ सन्धि की थी।
- जोधपुर में **अजीतसिंह** को तथा आमेर में **सवाई जयसिंह** को शासक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका थी –**अमरसिंह द्वितीय की**
- **सहेलियों की बाडी** का निर्माण करवाया – **संग्रामसिंह द्वितीय**

**हुरडा सम्मेलन :- (17 जुलाई 1734)**

- हुरडा सम्मेलन की योजना बनायी – **संग्रामसिंह द्वितीय**
- हुरडा सम्मेलन का आयोजन किया – **जगतसिंह द्वितीय**
- हुरडा सम्मेलन का उद्देश्य – **मराठों के आक्रमण को रोकने के लिये राजपूतों को एक करना**
- हुरडा सम्मेलन का आयोजन हुआ – **1734**
- हुरडा वर्तमान में भीलवाडा जिले में है।

मुख्य रियासतों के शासक थे :-

- मेवाड – **जगतसिंह द्वितीय**
- मारवाड – **अभयसिंह**
- आमेर – **सवाई जयसिंह**
- यह सम्मेलन **सवाई जयसिंह** की महत्वकांक्षा के कारण असफल हो गया।

## कृष्णा कुमारी विवाद –

- **कृष्णा कुमारी** मेवाड के शासक **भीमसिंह** की पुत्री थी।
- कृष्णा कुमारी का विवाह प्रस्ताव मारवाड के शासक **भीमसिंह** को भेजा गया।
- मारवाड के भीमसिंह की मृत्यु हो गयी।
- यह विवाह प्रस्ताव आमेर के शासक **जगतसिंह** को भेजा गया।
- मारवाड के **मानसिंह** ने इस विवाह प्रस्ताव का विरोध किया।
- फलस्वरूप आमेर के **जगतसिंह द्वितीय** एवं जोधपुर के मानसिंह के मध्य **1807** में युद्ध हुआ जिसे **गिगोंली युद्ध** कहा जाता है।
- गिंगोली युद्ध में **जगतसिंह ने मानसिंह** को हराया।
- इस विवाद को सुलझाने के लिये **1810 ई.** में **कृष्णा कुमारी** को **विष** देकर मार दिया गया।
- अंग्रेजों से सन्धि के समय मेवाड का शासक था – **भीमसिंह**
- 1857 की क्रान्ति के समय मेवाड का शासक –**स्वरूपसिंह**
- भारत की स्वतंत्रता के समय मेवाड का शासक था – **भोपाल सिंह**
- **केसरीसिंह बारहठ** ने मेवाड के किस शासक को दिल्ली दरबार में जाने से रोका – **फतेहसिंह (1911 में)**

# 8. मारवाड़ रियासत

- **मारवाड :-** जोधपुर के आस पास का समस्त क्षेत्र मारवाड कहलाता है।
- प्राचीनकाल में मारवाड को कहा जाता था -**गुर्जरात्रा तथा मरूकान्तर**
- गुर्जरात्रा क्षेत्र में प्रतिहार वंश का शासक था इस कारण प्रतिहार वंश को कहा जाता था -**गुर्जर प्रतिहार वंश**

**प्रतिहारों की दो शाखायें थीं -**

(1) मंडोर शाखा -**हरीशचन्द्र**

(2) भीनमाल शाखा - **नागभट्ट प्रथम**

- मंडोर शाखा के प्रमुख शासक - **कुक्कुल, राजिल्ल, नागभट्ट** आदि।
- मंडोर शाखा के नागभट्ट ने मंडोर से राजधानी को परिवर्तित किया- **मेडता (नागौर)**
- भीनमाल शाखा के प्रमुख शासक -**नागभट्ट प्रथम, भोजराज, महेन्द्रपाल, नागभट्ट द्वितीय**
- भोजराज ने उपाधियां धारण की थीं -**मिहिर, प्रभास, आदिवराह**
- भोजराज को ही मिहिर भोज कहा जाता है।
- महेन्द्रपाल के समय प्रसिद्ध साहित्यकार था - **राजशेखर**
- राजशेखर की प्रमुख पुस्तकें - **कर्पूर मंजरी, बादरायण**
- राजशेखर ने महेन्द्रपाल को उपाधि दी थी -**निर्भय नरेश**
- भारतीय इतिहास में चर्चित तीन वंशों के त्रिपक्षीय संघर्ष में राजस्थान का वंश शामिल था -**प्रतिहार वंश**
- तीन वंश थे -
  1. प्रतिहार वंश
  2. राष्ट्रकूट (दक्षिण से)
  3. पाल वंश (बंगाल से)
- नागभट्ट द्वितीय ने नई राजधानी बनाई -**कन्नौज (उत्तरप्रदेश)**
- कन्नौज में प्रतिहार वंश को कहा गया -**गहढवाल वंश**
- गहढवाल वंश का सबसे शक्तिशाली शासक था -**जयचन्द्र**

**जयचन्द्र के समय तीन शासकों का संघर्ष-**

1. जयचन्द - गहढवाल वंश- कन्नौज
2. पृथ्वीराज तृतीय - चौहान वंश- अजमेर
3. परमार्दी देव - चन्देल वंश - महोवा (उत्तरप्रदेश)

**आला-ऊदल :-** परमार्दी देव के दो वीर सेनापति

- आला-ऊदल, पृथ्वीराज तृतीय से लडते हुये वीरगति को प्राप्त हुये।
- जयचन्द्र के बाद कन्नौज में गहढवाल वंश कमजोर हो गया। जयचन्द्र के पौत्र सीहा ने मारवाड में वापस आकर किस वंश की स्थापना की - **राठौड वंश**

## राठौड वंश

- संस्थापक - **राव सीहा**
- राठौड वंश की प्राचीनतम राजधानी थी - **मंडोर**
- राठौड वंश की उपाधि थी -**राव**

**लाखा झंवर** -यह युद्ध राव सीहा और नसरूद्दीन महमूद के मध्य हुआ था।

यह स्थान **धौला चौतरा** कहलाता है।

- राठौड वंश का पहला शक्तिशाली शासक - **राव चूढा**
- राव चूढा ने अपने ज्येष्ठ पुत्र ''**रणमल**' की बजाय ''**कान्हा**' को उत्तराधिकारी बनाया।
- रणमल मेवाड रियासत की सेवा में चला गया।
- रणमल ने मेवाड के जिन शासकों की सेवा की -**लाखा, मोकल, कुंभा**
- रणमल मुख्य रूप से संरक्षक रहा - **मोकल**
- रणमल के पुत्र राव जोधा का शासनकाल -**1438-1489**
- राव जोधा ने जोधपुर बसाया - **1459 में**
- राव जोधा ने जोधपुर में '**चिडियाटुक पहाडी**' पर **किले** का निर्माण करवाया।
- जिसे '**मेहरानगढ**' का किला कहा जाता है।
- इसे '**मयूर ध्वज गढ**' भी कहा जाता है।

राजस्थान का एकमात्र किला जिसकी नींव में जिंदा आदमी (रजिया) की बलि दी गई थी।

- राव जोधा ने अपनी पुत्री का विवाह कुंभा के पुत्र '**रायमल**' से किया था।

सामंत पृथा का वास्तविक संस्थापक माना जाता है - **राव जोधा**

### सेवकी गांव का युद्ध (1529)

- यह युद्ध राव गंगा और नागौर के शासक दौलत खां के मध्य हुआ।
- इस युद्ध में राव गंगा विजयी हुआ।

**राव मालदेव :-1531-1562**

- राव मालदेव ने अपने पिता **राव गंगा** की हत्या करके **जोधपुर** की सत्ता संभाली।

राव मालदेव का राज्याभिषेक सोजत के किले में हुआ था।

- राव मालदेव के समय दिल्ली के शासक

(1) **शेरशाह सूरी** (2) **हुमायुं**

- शेरशाह सूरी का मूल नाम था -**फरीद खां**
- शेरशाह सूरी ने हुमायुं को लगातार दो युद्धों में पराजित किया।

(1) चौसा का युद्ध -**1539 ई में**

(2) विलग्राम का युद्ध -**1540 ई. में**

**राव मालदेव के प्रसिद्ध युद्ध :-**

**हीरावाडी का युद्ध ( 1533)**

- मालदेव और नागौर के शासक दौलत खां के मध्य हुआ। मालदेव की विजय हुई।

## पहोवा का युद्ध –1541 (नागौर)

- यह युद्ध मालदेव और बीकानेर के शासक **राव जैतसी** के मध्य हुआ।
- इस युद्ध को **मालदेव** ने जीता
- इस युद्ध को जीतने में महत्वपूर्ण भूमिका थी –**कूपा की**

## गिरि सुमेल का युद्ध 1544 में (जैतारण का युद्ध)

- यह युद्ध **शेरशाह सूरी और मालदेव** के मध्य हुआ।
- यह युद्ध **शेरशाह सूरी** ने जीता।
- इस युद्ध में मालदेव के दो वीर सेनापति **जैता** और **कूपा** वीरगति को प्राप्त हुये।
- इस युद्ध के बाद शेरशाह सूरी ने कहा था **''मैं मुट्ठीभर बाजरे के लिये हिन्दुस्तान की बादशाहत खो बैठता''**
- मालदेव ने प्रमुख किले बनवाये –
  **सोजत का किला (पाली में)**
  **मालकोट का किला (मेडता)**
  **पोकरण का किला (जैसलमेर)**
- मालदेव ने बीकानेर में लगभग **ढाई वर्ष** शासन किया।
- मालदेव का विवाह जैसलमेर के शासक **रावल लूणकरण** की पुत्री **उन्मादे** से हुआ।
- **मालदेव** तथा **उन्मादे** में झगडा हो गया तथा उन्मादे मालदेव से **रूठकर** जीवनभर अजमेर के **तारागढ दुर्ग** में रहीं
- इस कारण इतिहास में उन्मादे को **रूठी रानी** कहा जाता है।
- रूठी रानी का महल स्थित है – **उदयपुर में**
- मालदेव ने मेवाड के उदयसिंह को शासक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।
- 'रूठी रानी पुस्तक' के लेखक हैं – **केसरी सिंह बारहठ**
- मालदेव को इतिहास में कहा जाता है – **हसमत वाला शासक, पुरूषार्थी राजकुमार, हिन्दु बादशाह**

## चन्द्रसेन :– 1562–1581 ई.

- **चन्द्रसेन** मालदेव का तीसरा पुत्र था।
- राजस्थान में अकबर के विरूद्ध बगावत करने वाला पहला शासक –**चन्द्रसेन**
- चन्द्रसेन के विरूद्ध संघर्ष के समय अकबर का सेनापति – **हुसैन कुली खाँ**
- चन्द्रसेन को इतिहास में कहा जाता है – **भूला बिसरा शासक, प्रताप का अग्रगामी, मारवाड का प्रताप**
- चद्रसेन से संघर्ष के समय अकबर ने मारवाड में नियुक्त किया – **बीकानेर के रायसिंह को**
- चन्द्रसेन की मुगलों से संघर्ष करते हुये 1581 ई में मृत्यु हो गयी।
- चन्द्रसेन की मृत्यु के बाद उसके भाई **उदयसिंह** को शासक बनाया गया।

## राव उदयसिंह –1581–95

- इतिहास में राव उदयसिंह को कहा जाता है–**मोटा राजा राव उदयसिंह**
- मोटा राजा उदयसिंह की पुत्री **मानीबाई** का विवाह अकबर के पुत्र **जहांगीर** से हुआ था।
- **मानीबाई** को जोधपुर की होने के कारण **जोधाबाई** (वास्तविक जोधाबाई) कहा गया।

## राव उदयसिंह के बाद के शासक




- **सूरसिंह** को अकबर ने सवाई राजा की उपाधि दी थी।
- **गजसिंह** को जहांगीर ने '**दलथम्बन**' की उपाधि दी थी।

## जसवन्त सिंह :–

- **मुहणोत नैणसी** दरबारी कवि था–**जसवन्त सिंह का**
- मुंहणोत नैणसी को राजस्थान का **अबुल–फजल** कहा जाता है।
- जसवन्त सिंह का शासन काल –1638–1678
- जसवन्तसिंह को महाराजा की उपाधि दी थी – **शाहजहां ने**
- जसवन्तसिंह का राज्याभिषेक हुआ था – **आगरा में (1638 में)**
- जसवन्त सिंह के समकालीन मुगल शासक – **शाहजहां व औरंगजेब**
- औरंगजेब के समय मारवाड का शासक था – **जसवन्त सिंह**

**औरंगजेब के दो उत्तराधिकार युद्ध-**

(1) धरमत का युद्ध – **मध्यप्रदेश 1658 में**

औरंगजेब और दारा के मध्य

औरंगजेब ने धरमत का नाम बदलकर रखा – **फतेहाबाद**

**धरमत युद्ध में** राजस्थान के दो शासक मारे गये थे – **सुजानसिंह (शाहपुरा) मुकुंदसिंह (कोटा)**

(2) दौराई का युद्ध – **अजमेर 1659 में**

- औरंगजेब और दारा के मध्य
- औरंगजेब ने दारा को पराजित करने के बाद किस किले में बंदी रखा – **कांकनवाडी (अलवर)**
- जसवंत सिंह ने धरमत के युद्ध में दारा का साथ दिया था।
- दौराई के युद्ध में जसवन्त सिंह ने औरंगजेब से मित्रता कर ली।
- जसवन्त सिंह ने औरंगजेब की कट्टरता का विरोध किया और कहा था कि **''यदि औरंगजेब एक मन्दिर तोडेगा तो मैं सौ मस्जिद तुडवा दुंगा''।**
- जसवंत सिंह की मृत्यु हुई थी-**1678 (जमरूद- अफगानिस्तान में)**
- जसवन्त सिंह की मृत्यु पर औरंगजेब ने कहा था कि **''आज कुफ्र का बांध टूट गया''**।
- 1678 में जसवन्त सिंह की मृत्यु के बाद जोधपुर रियासत को घोषित किया गया – **खालसा**
- खालसा का अर्थ – **केन्द्र के अधीन रियासत**
- औरंगजेब, जसवन्तसिंह के पूरे परिवार को **''दिल्ली''** ले गया।

  उस समय जसवन्तसिंह की दो पत्नी गर्भवती थीं।
- जसवन्तसिंह द्वारा लिखी प्रमुख पुस्तक – **भाषा भूषण आनन्द विलास, गीता महात्म्य, प्रबोध चन्द्रोदय**
- जसवन्तसिंह के प्रमुख दरबारी विद्वान –
  1. नरहरिदास
  2. दलपत मिश्र
- दलपत मिश्र की प्रमुख पुस्तक – **जसवन्त उद्योग**
- नरहरि दास की प्रमुख पुस्तक – **अवतार चरित्र और रामचरित कथा**
- जसवंतसिंह की पत्नी अतिरंग देने जोधपुर में जामसागर तालाब का निर्माण करवाया।

  जसवंतसिंह की एक अन्य पत्नी जसवंतदे द्वारा जोधपुर में राई का बाग और कल्याण सागर का निर्माण

## दुर्गादास राठौड

- **दुर्गादास राठौड** अजीतसिंह का स्वामीभक्त सरदार (सेनापति) था।
- अजीतसिंह को औरंगजेब के चुंगल से मुक्त करवाया – **दुर्गादास राठौड ने**
- अजीतसिंह की परवरिश उसे मुक्त कराने के बाद की गयी थी – **कालिन्दी (सिरोही)**
- दुर्गादास राठौड ने अजीतसिंह को शासक बनवाने के लिये संघर्ष किया – **लगभग 30 वर्ष**
- दुर्गादास को कहा जाता है – मारवाड का अणबिन्दियां मोती, राठौडों का यूलीसेस
- दुर्गादास राठौड ने अपना अंतिम समय बिताया था – **मेवाड रियासत में**
- दुर्गादास राठौड की मृत्यु हुई – **उज्जैन में**
- दुर्गादास राठौड की छतरी बनी हुई है – **उज्जैन में**

## अजीतसिंह

- अजीतसिंह का जन्म हुआ था- 1679 (दिल्ली में)
- अजीतसिंह को मुक्त कराने में प्रमुख भूमिका – **दुर्गादास राठौड**
- अजीतसिंह की धाय का नाम – **गोराधाय**
- 1707 में औरंगजेब की मृत्यु के बाद अजीतसिंह को दुर्गादास राठौड ने मारवाड का शासक बनवाया।
- शासक बनने के बाद अजीतसिंह ने मुगलों से सन्धि कर ली।
- राजस्थान की वह रियासत जिसने औरंगजेब की मृत्यु तक मुगलों से संघर्ष किया –**मारवाड रियासत**
- अजीतसिंह की हत्या उसके पुत्र **'बख्तसिंह'** ने की थी।
- अजीतसिंह ने अपनी पुत्री **'इन्द्रकुमारी'** का विवाह मुगल शासक **'फारूखशियर'** से किया था।
- अजीतसिंह उच्चकोटि का विद्वान था उसके द्वारा लिखे गये प्रमुख ग्रन्थ-**गुणसागर, निर्वाण दुहा, अजीत चरित्र**
- अजीतसिंह द्वारा जोधपुर में कराये गये प्रमुख निर्माण कार्य –

  (1) फतेह महल (2) घनश्याम जी का मन्दिर
- **दुर्गादास राठौड** ने मुगलों से सन्धि का विरोध किया था इस कारण अजीतसिंह ने उसे रियासत से बाहर कर दिया।
- दुर्गादास राठौड अपने जीवन के अंतिम वर्षों में रहे – **मेवाड रियासत में**

## अमरसिंह राठौड

- अमरसिंह राठौड **गजसिंह** का ज्येष्ठ पुत्र तथा जसवन्त सिंह का भाई था।
- अमरसिंह राठौड मुगलों की सेना में चला गया।
- अमरसिंह राठौड का शाहजहां के **साले सलावत खां** से झगडा हो गया और उसे दरबार में ही मौत के घाट उतार दिया।
- अमरसिंह राठौड वापस मारवाड आ गया तथा शासन किया– **नागौर में**

### मतीरे की राड़ (युद्ध)

- यह युद्ध अमरसिंह राठौड एवं बीकानेर के शासक कर्णसिंह के मध्य हुआ **1644** ई0 में।

# 9. बीकानेर रियासत

- बीकानेर को प्राचीनकाल में **जांगल प्रदेश** कहा जाता था।
- बीकानेर को अन्य नाम से भी जाना जाता है – **पूंगल**
- बीकानेर रियासत में शासन किया – **राठौड वंश ने**
- बीकानेर में राठौड वंश का संस्थापक – **राव बीका**
- **राव बीका, राव जोधा** का पांचवा पुत्र था
- बीकानेर रियासत बनी – **1465**
- बीकानेर शहर बसाया गया– **1488**
- मेवाड के पितृहन्ता उदा ने शरण ली थी – **राव बीका के दरबार में**
- बीठ सूजा ने अपनी पुस्तक जैतसी रो छन्द में राव लूणकरण को कहा है –**कलयुग का कर्ण**
- 1513 में बीकानेर पर आक्रमण करने वाले नागौर के शासक का नाम – **मुहम्मद खां (लूणकरण विजयी)**
- भटनेर के किले पर राव जैतसी के समय आक्रमणकारी कौन था –**बावर का पुत्र कामरान** (हुमांयू का भाई)
- राव जैतसी के समय बीकानेर पर आक्रमण करने वाले मारवाड का शासक –**राव मालदेव** (1541 ई.)
- मालदेव और जैतसी के मध्य इस युद्ध को कहा जाता है – **पहोवा युद्ध**
- इस युद्ध में **राव जैतसी** मारा गया।
- मालदेव ने बीकानेर में शासन किया – **लगभग ढाई वर्ष**
- कल्याणमल बीकानेर का शासक किसकी मदद से बना–**शेरशाह सूरी**
- मुगलों के प्रति सर्वाधिक स्वामी भक्ति दिखाने वाला बीकानेर का शासक – **कल्याणमल**
- कल्याणमल के दो पुत्र थे – **रायसिंह तथा पृथ्वीराज राठौड**
- 1570 के नागैर दरबार में सर्वप्रथम अधीनता स्वीकार की थी –**कल्याणमल ने**
- इस दरबार के बाद बीकानेर का शासक रहा – **कल्याणकल**
- मारवाड में नियुक्त किया गया – **रायसिंह (बीकानेर)**
- मुगल दरबार में चला गया– **पृथ्वीराज राठौड**
- पृथ्वीराज राठौड एक प्रसिद्ध साहित्यकार था।
- पृथ्वीराज राठौड द्वारा लिखी प्रमुख पुस्तक – **''बेलि कृष्ण रूकमणी री''**
- इस पुस्तक को राजस्थान में **''पांचवा वेद''** कहा जाता है।
- **कन्हैया लाल सेठिया** ने अपनी पुस्तक **पाथल और पीथल** में महाराण प्रताप को **पाथल** और पृथ्वीराज राठौड को **पीथल** कहा है।
- अकबर के समकालीन बीकानेर के शासक – **कल्याणमल और रायसिंह**
- रायसिंह के समय मुगल शासक थे – **अकबर और जहांगीर**
- जूनागढ किला बनवाया – **रायसिंह ने (1594)**
- मुंशी देवी प्रसाद ने रायसिंह को कहा है – **राजपूताने का कर्ण**
- रायसिंह ने एक पुस्तक लिखी थी – **''बाल बोधिनी''**
- बीकानेर के किले का नाम जूनागढ रखा गया – **रायसिंह के समय**
- **रायसिंह** के बाद **दलपत सिंह** एवं **सूरसिंह** ने शासन किया।
- दलपतसिंह एवं सूरसिंह दोंनों भाई थे।
- **खुर्रम** के विद्रोह के समय जहांगीर ने किसके नेतृत्व में सेना भेजी – **सूरसिंह के नेतृत्व में**
- बीकानेर का वह शासक जो औरंगजेब का विशेष सहयोगी था – **कर्णसिंह**
- कर्णसिंह को इतिहास में कहा जाता है – **जांगलधर बादशाह**
- गंगानन्द मैथिली द्वारा लिखित प्रमुख पुस्तकें
  (1) **कर्णभूषण**
  (2) **काव्यडाकिनी**
- औरंगजेब ने बीकानेर के शासक अनूपसिंह को उपाधि दी थी– **''माही भारतवि''**

## अन्य तथ्य

- अकबर ने जोधपुर आक्रमण किसके नेतृत्व में किया – **हुसैन कुली खाँ (1564)**
- नागौर दरबार के बाद अकबर ने जोधपुर में नियुक्त किया था – **रायसिंह (बीकानेर)**
- मोटा राजा उदयसिंह की मृत्यु हुई थी – **लाहौर में (1595)**
- **उदयसिंह के पुत्र किशनसिंह किशनगढ की स्थापना की थी ।**

**बाबरा :- जैतारण युद्ध के समय अजमेर से 28 किमी दूर शेरशाह सूरी ने अपना शिविर लगाया था।**

जोधपुर में फूलेला तालाब बनवाया गया – **सातलदेव की पत्नी फूला भटियाणी ने**

राठौडों की कुल देवी नागणेची माता के मंदिर का निर्माण करवाया – **राव जोधा ने**

**अनारा बेगम** – महाराजा गजसिंह की पासवान पत्नी थी।

खेजडली की घटना (अमृतादेवी का बलिदान) के समय मारवाड का शासक था – **अभयसिंह**

अभयसिंह के बाद मारवाड के शासक बने – रामसिंह, बख्तसिंह, विजयसिंह

**गुलाबराय** –महाराजा विजयसिंह की पासवान थी।

इसे **जोधपुर की नूरजहां** कहा जाता है।

इसने जोधपुर में रानी सागर, गुलाब सागर बनवाया था।

अंग्रेजों से संधि के समय मारवाड का शासक – **मानसिंह (1803-43)**

मानसिंह ने जोधपुर में **महामंदिर** का निर्माण करवाया।

मानसिंह ने मेहरानगढ किले में **मान पुस्तकालय** की स्थापना की।

# 10. आमेर रियासत

- आमेर रियासत का प्राचीन नाम था – **ढूंढाड राज्य**
- ढूंढाड राज्य विस्तृत था – दौसा के आस पास का क्षेत्र
- ढूंढाड राज्य का संस्थापक माना जाता है – **दूल्हेराव (तेजकरण)**
- दूल्हेराव ने जिस वंश की स्थापना की –**कछवाह वंश**
- कछवाह वंश की उत्पत्ति मानी जाती है – **ग्वालियर के कच्छपद्यात वंश से**
- कुछ इतिहासकार कछवाह वंश को राम के पुत्र कुश का वंशज मानते हैं।
- आमेर में प्राचीनकाल में शासन था – **मीणाओं का**
- आमेर को मीणाओं से छीनकर आमेर रियासत की स्थापना की –**कोकिल देव** (कछवाह वंश)
- आमेर के इतिहास की क्रमिकता **भारमल** से मानी जाती है।
  **भारमल – भगवान दास – मानसिंह प्रथम – भावसिंह – जयसिंह प्रथम – रामसिंह – बिशनसिंह – जयसिंह द्वितीय –ईश्वरीसिंह – माधोसिंह – प्रतापसिंह – जगतसिंह –जयसिंह तृतीय – रामसिंह द्वितीय – माधोसिंह द्वितीय**
- अकबर की राजस्थान यात्रा के समय आमेर का शासक था – **भारमल**
- भारमल की अकबर से पहली मुलाकात – **1556 ई.**
- भारमल ने अकबर की अधीनता स्वीकार की थी – **1562 में**
- **आमेर** (भारमल) पहला राज्य था जिसने अकबर की अधीनता स्वीकार की।
- अकबर एवं भारमल की संधि के समय अकबर का राजस्थान आगमन का उद्देश्य था –**धार्मिक यात्रा**
- इस सन्धि के पश्चात अकबर के अजमेर से लौटते समय भारमल ने अपनी पुत्री **'हरकूबाई'** का विवाह अकबर से किया।
- अकबर और हरकूबाई का विवाह हुआ था – **सांभर में**
- इतिहास में हरकूबाई को कहा जाता है –**मरियम उज्जमानी**
- अकबर ने भगवन्तदास को उपाधि दी थी – **अमीर–उल–उमराह**
- कुछ इतिहासकारों की गलती से **हरखूबाई** को जोधावाई भी कहा जाता है।
- यह विवाह पहला मुगल राजपूत विवाह माना जाता है।
- अकबर के राजस्थान में प्रवेश के समय प्रमुख रियासतों के शासक

| | | |
|---|---|---|
| (1) मेवाड में | – | उदयसिंह |
| (2) मारवाड में | – | मालदेव, चन्द्रसेन, मोटा राजा उदयसिंह |
| (3) आमेर में | – | भारमल, भगवन्तदास, मानसिंह |
| (4) बीकानेर में | – | कल्याणमल, रायसिंह |
| (5) जैसलमेर | – | हरराय |
| (6) बूंदी | – | सुर्जनसिंह |

## मानसिंह

- मानसिंह मात्र 12 वर्ष की अल्पायु में मुगल सेना में चला गया था।
- मुगलों की सर्वाधिक सेवा करने वाला आमेर का शासक – **मानसिंह**
- मुगलों के लिये सर्वाधिक युद्ध जीतने वाला आमेर का शासक– **मानसिंह**
- अकबर के नवरत्नों में शामिल आमेर का शासक – **मानसिंह**
- मानसिंह ने महाराणा प्रताप से पहली मुलाकात की थी – **1573 में पिछौला झील के किनारे**
- हल्दीघाटी के युद्ध मं मानसिंह के साथ प्रमुख सेनापति था – **आसिफ खां**
- मुगलसेना में सबसे बडा मनसव प्राप्त राजपूत शासक था– **मानसिंह (7000 का मनसव)**
- मानसिंह ने अपने पिता भगवन्तदास के साथ अकबर के किस अभियान में भाग लिया –**रणथम्भौर अभियान**
- अकबर का रणथम्भौर आक्रमण – **1569**
- 1589 में भगवन्तदास की मृत्यु के समय मानसिंह किस अभियान पर था – **बिहार अभियान**
- बंगाल एवं बिहार अभियान के समय मानसिंह ने दो नगर बसाये –**बंगाल में अकबर नगर एवं बिहार में मानपुर**
- मानसिंह ने बंगाल अभियान के समय उसके दो पुत्र मारे गये थे –**दुर्जनसिंह व हिम्मतसिंह**
- मानसिंह के शासनकाल में प्रसिद्ध साहित्यकार था – **पुण्डरीक बिठ्ठल**
- पुण्डरीक बिठ्ठल द्वारा लिखी गयी प्रमुख पुस्तकें – **रागमंजरी, रागचन्द्रोदय, नर्तन निर्णय, राग कल्पद्रुम**
- अकबर ने मानसिंह को उपलब्धियां दीं –**फर्जन्द और राजा**
- आमेर के महलों के निर्माण का श्रेय –**मानसिंह को**
- मानसिंह के समय प्रसिद्ध संत था –**दादू दयाल**
- दादू दयाल को **राजस्थान का कबीर** कहा जाता है।
- मानसिंह शिला माता की मूर्ति लेकर आया – **बंगाल अभियान से लौटते समय**
- मानसिंह ने आमेर में **शिलामाता** के मन्दिर का निर्माण करवाया था।
- मानसिंह ने **वृन्दावन** में **गोविन्द देव जी** के मन्दिर का निर्माण करवाया।
- मानसिंह की मृत्यु हुई – दक्षिण अभियान से लौटते समय **एलिचपुर** नामक स्थान पर (1614 ई. में)

**मिर्जा जयसिंह –प्रथम :–**

- जयसिंह प्रथम को मिर्जा की उपाधि दी थी – **शाहजहां ने 1637 ई.**
- मिर्जा जयसिंह प्रथम तीन मुगलशसकों के साथ रहा – **जहांगीर, शाहजहां, औरंगजेब**
- बिहारी नामक कवि जयसिंह प्रथम का दरबारी कवि था।

## पुरन्दर संधि :- 1665 ईस्वी में

- मराठा शासक शिवाजी एवं मुगलों के मध्य (औरंगजेब)
- इस सन्धि में प्रमुख भूमिका थी – **मिर्जा जयसिंह की**
- औरंगजेब तथा मारवाड के शासक जसवन्त सिंह के मध्य सन्धि करने का श्रेय –**मिर्जा जयसिंह प्रथम**
- 1659 के दौराई युद्ध में मुगल सेना का नेतृत्व किया –**जयंसिंह प्रथम ने**
- मुगलों के साथ विदेशी अभियान पर जाने वाला आमेर का शासक था –**जयसिंह प्रथम (कंधार, अफगानिस्तान)**
- जयसिंह प्रथम ने जयगढ किले का निर्माण करवाया
- जयगढ में तोप बनाने का कारखाना स्थित है।
- जयगढ में एशिया की सबसे बडी तोप जयबाण का निर्माण करवाया था – **जयसिंह प्रथम ने**
- जयगढ में **विजयगढी** नामक दुर्ग स्थित है।
- जयसिंह प्रथम ने जयसिंह पुरा नामक नगर बसाया – **औरंगाबाद (महाराष्ट्र)**
- जयसिंह प्रथम के शासनकाल को आमेर रियासत का **स्वर्णकाल** कहा जाता है।
- रामकवि नामक विद्वान हुआ है – **जयसिंह प्रथम के समय**
- राम कवि की प्रमुख पुस्तक – **जयसिंह चरित्र**

## जयसिंह द्वितीय (सवाई जयसिंह)

- जयसिंह द्वितीय **विशनसिंह** का पुत्र था।
- जयसिंह द्वितीय को सवाई की उपाधि औरंगजेब ने दी थी।
- **1707** में औरंगजेब की मृत्यु के बाद उसके पुत्रों में उत्तराधिकार युद्ध हुआ। इस युद्ध को **जाजऊ का युद्ध** कहा जाता है।

## जाजऊ का युद्ध :- (1707 ई. में)

- यह युद्ध औरंगजेब के पुत्रों **आजम** व **मुअज्जम** के मध्य हुआ।
- आजम का साथ **जयसिंह द्वितीय** ने दिया तथा **मुअज्जम** का साथ जयसिंह के भाई विजयसिंह ने दिया
- इस युद्ध में **मुअज्जम** विजयी रहा एवं **'बहादुरशाह'** के नाम से मुगल बादशाह बना।
- मुअज्जम ने आमेर के शासक जयसिंह द्वितीय को हटाकर विजयसिंह को नियुक्त किया।
- मुअज्जम ने आमेर का नाम बदलकर रखा – **मोमीनाबाद (इस्लामाबाद)**
- बहादुर शाह ने आमेर में अपना प्रतिनिध नियुक्त किया था – **सयैद हुसैन खां**
- जयसिंह द्वितीय मेवाड के शासक अमरसिंह द्वितीय के सहयोग से पुन: शासक बना।
- जयसिंह द्वितीय ने भरतपुर के शासक बदनसिंह को उपाधि दी थी – **बृजराज की**
- जयसिंह द्वितीय ने जयपुर बसाया – **1727 ई. में**
- जयपुर नगर का वास्तुकार था – **पण्डित विद्याधर भट्टाचार्य**
- जयसिंह द्वितीय का प्रधानमंत्री था – **मिर्जा इस्माइल (M.I.)**
- जयपुर की प्रमुख सडक (M.I. Road) इसी के नाम पर है।
- जयसिंह द्वितीय खगोल, **संस्कृत** तथा **ज्योतिष** का प्रखण्ड विद्वान था।
- इसने पांच वेदशालाओं का निर्माण करवाया – **दिल्ली, मथुरा, उज्जैन, बनारस, जयपुर**
- सवाई जयसिंह द्वार बनवायी गयी सबसे बडी वेदशाला – **जयपुर**
- इन वेदशालाओं को **'जंतर-मंतर'** कहा जाता है।
- विश्व की सबसे बडी सूर्य घडी जयपुर की वेदशाला में लगी हुई है – **सम्राट यंत्र**
- जयसिंह द्वितीय ने नक्षत्रों क बारे में एक सारणी बनवाई जिसे कहा जाता है – **जीज मुहम्मद शाही**
- जयसिंह द्वितीय ने जयपुर में चन्द्रमहल बनवाया जिसे कहा जाता है – **सिटी पैलेस**
- विश्व का सबसे बडा चांदी का पात्र रखा हुआ है – **सिटी पैलेस में**
- जयसिंह द्वितीय ने आमेर की तलहटी में निर्माण करवाया था– **जल महलों का**
- जयसिंह द्वितीय ने पाण्डुलिपि एवं दुर्लभ ग्रन्थ एवं दुर्लभ चित्रों के लिये एक पुस्तकालय बनवाया जिसे कहा गया है – **पोथीखाना**
- जयसिंह द्वितीय ने जगन्नाथ नामक विद्वान से यूक्लिड के रेखागणित का संस्कृत में अनुवाद करवाया
- भारत में अंतिम हिन्दु शासक जिसने अश्वमेघ यज्ञ किया – **सवाई जयसिंह ने**
- यह यज्ञ **'पुण्डरीक रत्नाकर'** नामक विद्वान की देखरेख में हुआ
- पुण्डरीक रत्नाकर की प्रमुख पुस्तक का नाम – **जयसिंह कल्पद्रुम**
- जयसिंह द्वितीय ने स्वयं कुछ पुस्तकें लिखीं –
  (1) **सम्राट सिद्धान्त** (2) **जयसिंह कारिका**

## ईश्वरी सिंह :-

- सवाई जयसिहं के बाद उसका पुत्र ईश्वरी सिंह जयपुर का शासक बना।

## राजमहल का युद्ध :- 1747 ई. टोंक

- यह युद्ध माधोसिंह व ईवश्वरीसिंह के मध्य उत्तराधिकारी युद्ध था जिसमें माधोसिंह ने सहायता ली थी– **मराठों से, कोटा तथा बूंदी से**
- राजमहल युद्ध को **'ईश्वरी सिंह'** ने जीता।
- इस युद्ध में विजय के बाद ईश्वरीसिहं ने जयपुर के त्रिपोलिया बाजार में निर्माण करवाया था–**ईसनलाट का**
- **ईसरलाट** को **सरगा सूली** भी कहा जाता है ।

## बगरू का युद्ध :- 1748 ई. जयपुर

- ईश्वरीसिंह एवं मराठों के बीच में
- ईश्वरीसिंह पराजित हुआ
- ईश्वरीसिंह द्वारा आत्महत्या – **1750 ई. में**
- मराठों के आक्रमण से तंग आकर आमेर शासक ईश्वरीसिंह ने आत्महत्या कर ली थी
- ईश्वरीसिंह की मृत्यु के बाद '**माधोसिंह**' जयपुर का शासक बना।

## मानपुर का युद्ध (1748) –

- इस युद्ध में ईश्वरीसिंह ने अहमदशाह अब्दाली की फौज को पराजित किया था।
- ईश्वरीसिंह के समय कृष्ण कवि द्वारा लिखी गई पुस्तक – **ईश्वरी विलास**

## माधोसिंह

## भटवाडा का युद्ध – 1761 ई. में

- यह युद्ध कोटा तथा जयपुर रियासत के मध्य हुआ
- इसमें जयपुर रियासत विजयी हुई
- 1763 ई में सवाई माधोसिंह ने "**सवाई माधोपुर**" बसाया
- सवाई माधोसिंह ने जयपुर में **मोतीडूंगरी** के पहाडों पर महलों का निर्माण करवाया
- सवाई माधोसिंह ने '**चाकसू**' में शीतलामाता के मन्दिर का निर्माण करवाया।

सवाई माधोसिंह ने नाहरगढ के किले में अपनी नौ प्रेमिकाओं के लिये एक समान नौ महलों का निर्माण करवाया था।

## मावला मण्डौली का युद्ध (1767)

- यह युद्ध सवाई माधोसिंह और भरतपुर के शासक जवाहरसिंह के मध्य हुआ था।
- अंग्रेजों से संधि के समय जयपुर का शासक था – **जगतसिंह**
- सवाई प्रतापसिंह **ब्रज निधि** नाम से कवितायें लिखते थे।
- हवामहल का निर्माण **सवाई प्रतापसिंह** ने 1799 मे करवाया।
- हवामहल पांच मंजिल का है तथा इसमें **953** खिडकियां है।
- जयपुर का बदनाम शासक कहा जाता है – **जगतसिंह को**
- **गंधर्व बाईसी** – सवाई प्रतापसिंह के दरबार में 22 प्रसिद्ध संगीतज्ञों एवं विद्वानों की एक मण्डली थी।
- प्रतापसिंह के संगीत गुरू – **चाँद खां**
- प्रतापसिंह के काव्य गुरू – **गणपति भारती**
- **तुंगा का युद्ध (1787)** – इस युद्ध मे प्रतापसिंह ने मराठा सेनापति महादजी सिंधिया को पराजित किया था
- '**सितार ए हिंद**' की उपाधि – सवाई रामसिंह द्वितीय
- ब्रिटेन के सम्राट एडबर्ट पंचम जयपुर में आये – **1868 (रामसिंह द्वितीय के समय)**
- जयपुर के लिये पिंकसिटी शब्द का पहली बार प्रयोग किया गया।

# 11. अजमेर रियासत

**चौहानों की उत्पत्ति से संबंधित मत:-**

चन्द्रबरदाई के अनुसार राजपूतों की चार शाखायें अग्निकुण्ड से उत्पन्न हुई।

(1) प्रतिहार (2) परमार

(3) चालुक्य (सोलंकी) (4) चौहान

- चन्द्रबरदाई के अनुसार यह यज्ञ 'वशिष्ठ' के नेतृत्व में '**आबू पर्वत**' पर किया गया था।
- '**कर्नल जेम्स टॉड** एवं इतिहासकार '**स्मिथ**' के अनुसार चौहानों को विदेशी माना जाता है।
- बिजौलिया अभिलेख के अनुसार चौहानों को वत्स गोत्रिय ब्राह्मण माना गया है।
- चौहानों के इतिहास की जानकारी का प्रमुख स्रोत – **बिजौलिया अभिलेख**
- हम्मीर मर्दन पुस्तक के लेखक – **जयसिंह**
- राजस्थान के अन्य महत्वपूर्ण ग्रन्थों में चौहानों को सूर्यवंशी कहा गया है।

**जैसे –**

| | | |
|---|---|---|
| पृथ्वीराज विजय | – | जयानक |
| हम्मीर रासो | – | जोधराज |
| हम्मीर महाकाव्य | – | नयनचन्द्र सूरी |

## चौहानों का मूल स्थान

- राजस्थान के जांगल प्रदेश में सांभर के आसपास के क्षेत्र को **सापालदक्ष** कहा जाता था। चौहानों का प्रारंभिक अधिकार क्षेत्र यहीं माना जाता है।
- सपालदक्ष '**जांगल प्रदेश**' का उपभाग था।
- बिजौलिया अभिलेख में सांभर को कहा गया है – **शाकम्भरी**
- प्राचीनकाल में चौहानों की दो शाखायें थीं –

(1) नाडौल ( पाली) – **लक्ष्मण**

(2) सांभर (जयपुर) – **वासुदेव**

- चौहानों की सबसे प्राचीन शाखा है – **नाडौल**
- चौहानों का असली इतिहास माना जाता है – **सांभर के चौहान**

- सांभर के चौहान ही कालान्तर में अजमेर के चौहान कहलाये

वासुदेव
|
पृथ्वीराज प्रथम
|
अजयराज
|
अर्णोराज
|
जगदेव
|
विग्रहराज–चतुर्थ (वीसलदेव)

विग्रहराज–चतुर्थ (वीसलदेव)
|
अपरगांगेय
|
पृथ्वीराज द्वितीय
|
सोमेश्वर
|
पृथ्वीराज तृतीय
|
गोविन्द राज

- चौहानों का पहला शक्तिशाली शासक था – **अजयराज**
- अजयराज ने 1113 ई. में अजयमेरू दुर्ग बनवाया एवं अजमेर की स्थापना की।
- अजयराज ने अजयदेव नाम से चांदी के सिक्के चलाये
- अजयराज ने मालवा के शासक को हराया था – **नरवर्मन को**
- पुष्कर में ब्रह्मा मन्दिर का निर्माण करवाया था – **अर्णोराज**
- पुष्कर में ही अर्णोराज ने **वराहमन्दिर** का निर्माण करवाया था।
- अर्णोराज के समय प्रमुख विद्वान थे –

(1) **देवबोध**
(2) **धर्मबोध**

- अर्णोराज ने अजमेर की जमीन को पवित्र करने के उद्देश्य से **आनासागर झील** का निर्माण करवाया था।
- इतिहास में अर्णोराज को **'आनाजी'** कहा जाता है।
- अर्णोराज की हत्या उसके पुत्र **जगदेव** ने की थी
- अजमेर के इतिहास में पितृहन्ता – **जगदेव**

## विग्रहराज–चतुर्थ

- विग्रहराज चतुर्थ के दरबारी कवि का नाम – **सोमदेव**
- सोमदेव की प्रमुख पुस्तक का नाम – **ललित विग्रह**
- विग्रहराज चतुर्थ ने स्वयं **'हरिकेल नाटिका'** नामक पुस्तक लिखी।
- विग्रहराज चतुर्थ को इतिहास में **बीसलदेव** के नाम से भी जाना जाता है।
- विग्रहराज चतुर्थ को विद्वानों का आश्रयदाता होने के कारण कवि वांधव कहा जाता है।
- विग्रहराज चतुर्थ ने अजमेर में संस्कृत पाठशाला का निर्माण करवाया
- इस संस्कृत विद्यालय को कुतुबुद्दीन ऐबक' ने तुडवाकर **'अढाई दिन का झोंपडा'** नामक मस्जिद बनवाई।
- राजस्थान का पहला अरबी या फारसी अभिलेख इसी **अढाई दिन का झोंपडा** नामक मस्जिद में है।
- दिल्ली को जीतने वाला पहला चौहान शासक था – **विग्रहराज चतुर्थ**
- विग्रहराज चतुर्थ ने बीसलदेव झील का निर्माण करवाय जिसे कहा जाता है –**बींसलपुर बांध (टोंक)**
- विग्रहराज चतुर्थ के समय अन्य प्रसिद्ध साहित्यकार था – **नरपति नाल्ह**
- नरपति नाल्ह द्वारा लिखी गयी प्रमुख पुस्तक – **बीसलदेव रासो**
- विग्रहराज चतुर्थ के समय मुस्लिम आक्रमणकारी था – **अमीर खुसरब शाह**
- **अमीर खुसरव शाह** को **हम्भीर** भी कहा जाता है।
- चौहानों के इतिहास का स्वर्णकाल – **विग्रहराज चतुर्थ का समय**

## पृथ्वीराज तृतीय (1177 ई. –1192 ई.)

- इतिहास में पृथ्वीराज तृतीय को **रायपिथौरा** कहा जाता है।
- पृथ्वीराज तृतीय मात्र 11 वर्ष की आयु में शासक बना।
- पृथ्वीराज तृतीय के पिता का नाम था – **सोमेश्वर**
- पृथ्वीराज तृतीय की मां कर्पूरीदेवी पुत्री थी – **अनंगपाल (दिल्ली) तोमरवंश**
- पृथ्वीराज तृतीय के संरक्षक का नाम – **भुवनमल**
- पृथ्वीराज तृतीय के समय चौहानों की सत्ता के दो केन्द्र थे –
  (1) अजमेर
  (2) दिल्ली
- पृथ्वीराज तृतीय के प्रमुख दरबारी विद्वान – **जयानक, चन्द्रवरदाई, जनार्दन, नागेश्वर**
- पृथ्वीराज तृतीय के समय **ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती** राजस्थान आये थे।

## तराइन का प्रथम युद्ध :- 1191 ई में

- पृथ्वीराज चौहान तथा मुहम्मद गौरी के मध्य।
- पृथ्वीराज चौहान विजयी हुआ

## तराइन का द्वितीय युद्ध :- 1192 ई. में

- पृथ्वीराज चौहान तथा मुहम्मद गौरी के मध्य।
- मुहम्मद गौरी विजयी हुआ
- तराइन के दोंनों युद्धों को **'चौहान–तुर्क'** संघर्ष कहा जाता है।
- पृथ्वीराज चौहान से पहले गौरी को पराजित करने वाला शासक – **मूलराज (भीम–द्वितीय)** (1178 ई. गुजरात)
- **चन्द्रबरदाई** लिखित पृथ्वीराज रासो के अनुसार **मुहम्मद गौरी** को पृथ्वीराज ने अपने शब्द भेदी बाण से मारा था।
- इस बारे में पृथ्वीराज रासो पुस्तक में लिखा हुआ है।
  **''चार बांस चौबीस गज अंगुल अष्ट प्रमाण।**
  **ता ऊपर सुल्तान है, मत चूके चौहान''।।**
- पृथ्वीराज तृतीय के बाद उसके पुत्र गोविन्द राज ने रणथम्भौर में चौहान वंश की स्थापना की।

# 12. रणथम्भौर रियासत

- रणथम्भौर में चौहान वंश का संस्थापक था – **गोविन्द राज (पृथ्वीराज का पुत्र)**
- **गोविन्दराज,** अजमेर के **पृथ्वीराज चौहान** का पुत्र था।
- रणथम्भौर में **इल्तुतमिश** के आक्रमण के समय शासक था – **वीर नारायण**
- रणथम्भौर में **नसरूद्दीन महमूद (रजिया सुल्तान का भाई)** के आक्रमण के समय शासक था –**जैत्रसिंह**
- रणथम्भौर पर **जलालुद्दीन खिलजी** के आक्रमण के समय शासक था – **हम्मीर देव चौहान**
- रणथम्भौर पर अलाउद्दीन खिलजी के समय शासक था – **हम्मीर देव चौहान**
- हम्मीर देव चौहान ने मेवाड के किस शासक को हराया था – **समर सिंह**
- जलालुद्दीन खिलजी ने रणथम्भौर पर आक्रमण किये – **2** (1291, 1292 में)
- जलालुद्दीन खिलजी ने रणथम्भौर अभियान में विफल होने पर कहा था – **''ऐसे दस किलों को मैं मुसलमान के एक बाल के बराबर भी नहीं समझता।'' – जलालुद्दीन खिलजी**
- राजस्थान में सर्वाधिक मुस्लिम आक्रमण किस किले पर हुये – **रणथम्भौर**
- राजस्थान में सर्वाधिक आक्रमण करने वाला मुस्लिम आक्रमणकारी– **अलाउद्दीन खिलजी**
- अलाउद्दीन खिलजी का सबसे चर्चित आक्रमण – **चित्तौड**
- अलाउद्दीन खिलजी का सबसे चर्चित आक्रमण हुआ–**1301 में।**
- रणथम्भौर पर अलाउद्दीन खिलजी के आक्रमण का प्रमुख कारण – **मंगोल शासक को हम्मीर देव द्वारा शरण देना।**
- **मंगोल** शासक का नाम – **मोहम्मद शाह**
- अलाउद्दीन खिलजी के साथ देने वाले रणथम्भौर के विश्वासघाती सेनापति – **रतिपाल व रणमल**
- अलाउद्दीन खिलजी के आक्रमण के दौरान **हम्मीरदेव** वीरगति को प्राप्त हुआ एवं **महल की रानियों** ने **जौहर** किया।
- इस घटना को **राजस्थान का पहला शाका** (1301) कहा जाता है। यह शाका हम्मीरदेव चौहान की पत्नी **रंगदेवी** के नेतृत्व में हुआ था।
- अलाउद्दीन खिलजी ने युद्ध जीतने के बाद **मंगोल** शासक **मोहम्मद शाह** को बंदी बना लिया।
- अलाउद्दीन खिलजी के पूछने पर मोहम्मद शाह ने कहा था – **''सबसे पहले हम्मीर के पुत्र को शासक बनाउंगा व उसके बाद तुम्हारा कत्ल करूंगा।''– मोहम्मद शाह (मंगोल)**
- अलाउद्दीन खिलजी ने **मोहम्मद शाह** को **हाथी** से कुचलवा दिया।
- अलाउद्दीन खिलजी ने रणथम्भौर जीतने के बाद प्रतिनिधि नियुक्त किया – **उलूक खां को**
- हम्मीरदेव चौहान के राजकवि का नाम था – **विजयादित्य**
- हम्मीरदेव चौहान के गुरू का नाम – **राघवदेव**

# 13. जैसलमेर रियासत

- **यादव वंश** के **भट्टी** नामक व्यक्ति ने 285 ई में **भटनेर** बसाया था।
- भट्टी के वंशजों को कहा गया – **भाटी**
- भाटी वंश के आगामी शासकों ने जैसलमेर क्षेत्र में जाकर शासन किया।
- प्राचीनकाल में जैसलमेर को कहा जाता था – **मांड**
- जैसलमेर में भाटी वंश की प्राचीनतम राजधानी थी – **तन्नौट**
- तन्नौट के स्थान पर नई राजधानी बनायी गयी – **लोदरवा**
- लोदरवा को राजधानी बनाने वाला शासक था – **देवराज भाटी**
- जैसलमेर दुर्ग का निर्माण करवाया– **जैसलदेव भाटी**
- जैसलमेर दुर्ग का कहा जाता है – **उत्तर भाड किवाड़**
- जैसलमेर दुर्ग को उत्तरी सीमा का प्रहरी – – **जैसलमेर**
- उत्तरी प्रवेश द्वार का रक्षक – **भटनेर**
- जैसलमेर के भाटी शासकों की उपाधि थी – **रावल**
- **अकबर** के नागौर दरबार (1570) में उपस्थित होने वाला जैसलमेर का शासक था–**हरिराम (माली) भाटी**
- अंग्रेजों से संधि करने वाला जैसलमेर का शासक – **मूलराज भाटी**
- मारवाड के शासक **मालदेव** की पत्नी **उन्मादे,** जैसलमेर के शासक **रावल लूणकरण** की पुत्री थी।
- **सागरमल गोपा** के समय जैसलमेर का शासक था – **जवाहर सिंह रावल**
- जैसलमेर दुर्ग **ढाई शाके** के लिये प्रसिद्ध है।

# 14. जालौर रियासत

- जालौर में शासन था – **सोनगरा चौहानों का**
- जालौर में सोनगरा चौहान वंश का पहला शासक था – **कीर्तिपाल चौहान**
- **कीर्तिपाल चौहान**, चौहानों की **नाडोल** (पाली) शाखा से आया था।
- जालौर का प्राचीन नाम था – **जावालीपुर**
- जालौर किले को कहा जाता है – **सोनगढ (सुवर्णगिरि)**
- जालौर का सबसे शक्तिशाली शासक था – **कान्हणदेव**
  ''कान्हणदेव प्रबन्ध '' पुस्तक के लेखक – **पद्मनाथ**
- कान्हणदेव के समय मुस्लिम आक्रमणकारी – **अलाउद्दीन खिलजी**
- जालौर पर खिलजी का पहला आक्रमण – **1298**
- जालौर पर आक्रमण का उद्देश्य – **साम्राज्यवाद**
- जालौर पर अलाउद्दीन खिलजी का अधिकार हुआ – **1311 में**
- अलाउद्दीन खिलजी क जालौर अभियान का नेतृत्व किया– **उलूक खां, नसरू खां**
- जालौर अभियान में **उलूक खां** मारा गया था।
- **कान्हणदेव** के खिलाफ किले में खिलजी की सेना को प्रवेश दिलाने में सहायता की थी –**धइया राजपूत बीका** ने
- इस **धोखेबाज** सरदार की **हत्या** इसकी पत्नी ने की थी।

**<u>मुंहणोत नैणसी के अनुसार जालौर आक्रमण के बारे में</u>** –

- कान्हणदेव का पुत्र था – **बीरमदेव**
- **वीरमदेव** दिल्ली सल्तनत में रहता था।
- वीरमदेव सल्तनत की राजकुमारी **फिरोज** से शादी करना चाहता था। इसे अलाउद्दीन खिलजी ने सल्तनत का **अपमान** समझा।
- वीरमदेव भागकर जालौर आ गया।
- वीरमदेव को पकडने के लिये खिलजी ने जालौर पर आक्रमण किया।

**<u>सिवाणा आक्रमण</u>** –

- अलाउद्दीन खिलजी के सिवाणा आक्रमण के समय शासक था – **शीतलदेव**
- **शीतलदेव** के **दो वीर सेनापति** – (1) **सातल** (2) **सोम**
- सिवाणा किले को जीतने के बाद खिलजी ने इसका नाम रखा – **खैराबाद**
- **''राजस्थान का वह किला जिसके दरवाजे कोई नहीं खुलवा सका''** – **जालौर**
- इल्तुतमिश के जालौर आक्रमण के समय प्रसिद्ध इतिहासकार **हसन निजामी** ने कहा था।
- लोक देवता कल्लाजी का ऐतिहासिक नाम है – **कल्ला राठौड**
- कल्ला राठौड की वीर गाथायें जुडी हैं – **सिवाणा किले के**
- कल्ला जी ने युद्ध किया था – **अकबर से**

# 15. भरतपुर रियासत

- **औरंगजेब** की मृत्यु के बाद पहला **जाट** राज्य स्थापित किया – **चूढामन ने**
- इस क्षेत्र की राजधानी थी – **थून**
- भरतपुर रियासत का वास्तविक संस्थापक – **बदनसिंह**
- बदनसिंह ने राजधानी बनायी थी – **डीग**
- बदनसिंह को **ब्रजराज** की उपाधि दी थी – **सवाई जयसिंह ने**
- डीग के महलों का निर्माण करवाया – **बदनसिहं ने**
- भरतपुर के किले का निर्माण करवाया – **सूरजमल ने**
- सूरजमल को कहा जाता है –**अफलाटून, जाटों का प्लेटो।**
- भरतपुर **शहर का नाम** किस व्यक्ति के नाम पर रखा गया – **राम के भाई भरत क नाम पर**
- भरत के भाई **लक्ष्मण** को भरतपुर रियासत का **कुल देवता** माना जाता था।
- भरतपुर से संधि करने वाले **अंग्रेज गर्वनर जनरल** का नाम – **लार्ड बैलेजलि** (संधि 1803 में)
- इस संधि के समय भरतपुर का शासक – **रणजीत सिंह**
- भरतपुर पर अंग्रेजों ने घेरा डाला – **1805 में (लार्ड लेक ने)**
- अंग्रेजों के आक्रमण के समय भरतपुर का शासक था – **रणजीत सिंह**
- **गंगा मन्दिर** का निर्माण करवाया था – **महाराजा बलवन्त सिंह ने**
- इस मंदिर में गंगा की मूर्ति लगवायी थी – **अंतिम शासक विजेन्द्रसिंह ने**
- **लक्ष्मण मंदिर** का निर्माण करवाया था – **बलदेव सिंह ने**
